# 11 Incidents : Crimes Against Hindus by SDPI Members

**केरल के कासरगोड़** की अतिरिक्त सत्र **न्यायालय-II** ने 26 मार्च, 2025 को **SDPI के चार कार्यकर्ताओं रफीक बदिरा, मुहम्मद अशरफ, अब्दुल हमीद और सबिर** को **RSS कार्यकर्ता ज्योतिष** के ट्रक से टकराने और उसके बाद उन पर चाकू और लाठी-डंडे से हमला करने के आरोप में बरी कर दिया। आरोपियों ने **10 अगस्त 2017 को** मामूली **सड़क पर हुए मामूली से विवाद** में **RSS कार्यकर्ता ज्योतिष की चाकू और लाठी-डंडे से हत्या** कर दी थी।

यह रिपोर्ट वर्ष **2019 से 2025** के बीच **कट्टरपंथी संगठन एसडीपीआई** (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) **के सदस्यों द्वारा हिंदुओं पर हमले और हमले की साजिश** रचने से जुड़ी **कुल 11 घटनाओं पर आधारित है।**

| क्रमांक | दिनांक | विवरण | चित्र / स्रोत |
|---|---|---|---|
| 1) | 26 मार्च, 2025 | SDPI कार्यकर्ताओं ने मामूली विवाद में RSS कार्यकर्ता की हत्या की<br>**स्थान** - कासरगोड़ ,केरल<br>**अरोपी का नाम**- रफीक बदिरा, मुहम्मद अशरफ, अब्दुल हमीद और सबिर<br>**विवरण** - कासरगोड़ की अतिरिक्त सत्र न्यायालय-II ने **SDPI के चार कार्यकर्ताओं रफीक बदिरा, मुहम्मद अशरफ, अब्दुल हमीद और सबिर को** RSS कार्यकर्ता ज्योतिष के ट्रक से टकराने और उसके बाद उन पर **चाकू और लाठी-डंडे से हमला** करने के आरोप में बरी कर दिया।<br>आरोपियों ने **10 अगस्त 2017 को** मामूली सड़क पर हुए मामूली से **विवाद** में **RSS कार्यकर्ता ज्योतिष की चाकू और लाठी-डंडे से हत्या कर दी थी।** | <br>onmanorama |
| 2) | 26 अक्टूबर, 2023 | विजयदशमी शोभायात्रा के बाद SDPI कार्यकर्ताओं ने तीन आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया<br>**स्थान** - कोल्लम, केरल<br>**अरोपी का नाम**- नौफुल, यासिम और अजमल<br>**विवरण** - करुनागप्पल्ली में विजयदशमी की शोभायात्रा के बाद घर लौट रहे आरएसएस कार्यकर्ताओं **अक्षय कुमार, मधुन लाल और किरण** पर **एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) के तीन सदस्यों नौफुल, यासिम और अजमल  ने बेरहमी से धारदार हथियारों से हमला कर दिया**, जिसमें वे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। | <br>hindupost |
| 3) | 20 सितंबर, 2022 | RSS नेता श्रीनिवासन की हत्या में SDPI से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार<br>**स्थान** - पलक्कड़, केरल<br>**अरोपी का नाम**-  9 SDPI कार्यकर्ता<br>**विवरण** - पलक्कड़ में 16 अप्रैल, 2022 को हुई **RSS नेता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में** पुलिस ने हत्याकांड में शामिल कुल **27 आरोपितों को गिरफ्तार किया**। इसमें  **SDPI से जुड़े 9** आरोपित भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपित नेताओं को टारगेट करने की सूची तैयार कर रहे थे। उस पर न सिर्फ हत्या की साजिश रचने, बल्कि हत्यारों को भड़काने का भी आरोप है। | <br>aajtak |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4) | 15 अगस्त, 2022 | **सावरकर के पोस्टर पर विवाद, SDPI कार्यकर्ताओं ने हिंदू युवक पर किया हमला**<br>**स्थान** - शिवमोग्गा, कर्नाटक<br>**अरोपी का नाम**- SDPI के कार्यकर्ता<br>**विवरण** - अमीर अहमद सर्कल में वीर सावरकर का पोस्टर लगाए जाने को लेकर विवाद हो गया। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के कार्यकर्ताओं ने **बैनर पर आपत्ति जताते हुए हिंदू पक्ष के लोगों पर हमला** कर दिया और **SDPI के कार्यकर्ताओं ने धरम सिंह नाम के हिंदू व्यक्ति को चाकू मार दिया**, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। | <br>abplive |
| 5) | 10 जुलाई, 2022 | **कन्हैयालाल हत्या: मुख्य आरोपी SDPI से था जुड़ा**<br>**स्थान** - उदयपुर, राजस्थान<br>**अरोपी का नाम**- मोहम्मद रियाज अत्तारी<br>**विवरण** - भूतमहल क्षेत्र में दर्जी **कन्हैयालाल की निर्मम हत्या** की जाँच में यह तथ्य सामने आया कि मुख्य **आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी पहले से ही कट्टरपंथी संगठन** SDPI (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) **से जुड़ा था** और 2019 से उसे सक्रिय रूप से संगठन की गतिविधियों में शामिल देखा गया। इसके अलावा, सातवें आरोपी फरहाद मोहम्मद उर्फ बाबला ने भी पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह SDPI जैसे संगठनों से जुड़ा हुआ था। | <br>livehindustan |
| 6) | 12 जनवरी, 2022 | **राजस्थान में SDPI से जुड़े लोगों पर NIA की रेड, हथियार और साहित्य बरामद**<br>**स्थान** - जयपुर , राजस्थान<br>**अरोपी का नाम- नौशाद**<br>**विवरण** - राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने राजस्थान में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया **(SDPI) से जुड़े** लोगों के **9 ठिकानों पर छापेमारी की**। ये कार्रवाई जयपुर और कोटा में चार-चार स्थानों पर और सवाई माधोपुर जिले में की गई। इस दौरान एनआईए ने **एसडीपीआई से जुड़े मुबारक के बेटे नौशाद को हिरासत** में लिया।<br>छापेमारी में एनआईए को डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल फोन, सिम कार्ड, तेज धार वाले चाकू, आपत्तिजनक साहित्य, किताबें और पोस्टर बरामद हुए। | <br>bhaskar |
| 7) | 29 दिसंबर, 2021 | **पुलिसकर्मी द्वारा RSS कार्यकर्ताओं की सूचना SDPI को लीक**<br>**स्थान** - मलप्पुरम, केरल<br>**अरोपी का नाम- पी.के. अनस**<br>**विवरण** - मलप्पुरम जिले में **पुलिसकर्मी पी.के. अनस** को निलंबित कर दिया गया है। **उसने SDPI से जुड़कर आरएसएस (RSS) कार्यकर्ताओं से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के सदस्यों को लीक की थी।**<br>जांच में सामने आया कि अनस लगातार व्हाट्सएप के जरिए SDPI नेताओं को RSS कार्यकर्ताओं के नाम, पते और गतिविधियों से जुड़ी जानकारियाँ भेजता था, जिससे इन कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया था। | <br>timesnownews |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8) | 19 दिसंबर, 2021 | **SDPI के पांच सदस्यों द्वारा ओलुअर में बीजेपी नेता की चाकू मारकर हत्या**<br>**स्थान** - अलप्पुझा ,केरल के<br>**अरोपी का नाम**- मोहम्मद शफीक (मुख्य आरोपी), नासर, रफीक, सुलेमान और अफसल<br>**विवरण** - ओलुअर इलाके में **भारतीय जनता पार्टी (BJP) के स्थानीय नेता संतोष** की **सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के पाँच सदस्यों** मोहम्मद शफीक (मुख्य आरोपी), नासर, रफीक, सुलेमान और अफसल ने उनके **घर में घुसकर चाकू मारकर हत्या कर दी थी।** संतोष इलाके में भाजपा के सक्रिय नेता थे और पहले भी SDPI के साथ उनका कई बार टकराव हुआ था। | <br>indianexpress |
| 9) | 15 नवंबर, 2021 | **आरएसएस कार्यकर्ता की बेरहमी से हत्या, एसडीपीआई की भूमिका संदिग्ध**<br>**स्थान** - पलक्कड़, केरल<br>**अरोपी का नाम**- SDPI कार्यकर्ता<br>**विवरण** - किनास्सेरी इलाके में **आरएसएस कार्यकर्ता ए संजीत** (27 वर्ष), जो एलप्पुली क्षेत्र के 'बौद्धिक प्रमुख' थे, की उनके घर लौटने के दौरान **उनकी पत्नी के सामने चार एसडीपीआई (SDPI)सदस्यीय गिरोह ने धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी गई।** | <br>indiatoday |
| 10) | 11 अगस्त, 2020 | **केजी हॉल्ली-डीजे हॉल्ली दंगों के मुख्य साजिशकर्ता SDPI नेता सैयद अब्बास गिरफ्तार**<br>**स्थान** - बेंगलुरु, कर्नाटक<br>**अरोपी का नाम**- सैयद अब्बास<br>**विवरण** - केजी हॉल्ली और डीजे हॉल्ली थाना क्षेत्रों में एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में बड़े पैमाने पर दंगे भड़क उठे, जिसमें **मुस्लिम भीड़ ने पुलिस थानों और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया** और पुलिस कर्मियों पर हमला किया।<br>राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने मुख्य साजिशकर्ता के रूप में **सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के नागवाड़ा वार्ड अध्यक्ष सैयद अब्बास (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया, उसकी भूमिका** दंगे की **योजना बनाना, भीड़ को भड़काना, आगजनी** और पुलिस अधिकारियों पर हमले में रही। आरोपितों ने पेट्रोल बम, धारदार हथियार और लोहे की छड़ों का इस्तेमाल किया। | <br>thenewsminute |
| 11) | 22 दिसंबर, 2019 | **CAA समर्थक वरुण भूपलम पर SDPI के 7 सदस्यों ने धारदार हथियारों से किया हमला**<br>**स्थान** - बेंगलुरु, कर्नाटक<br>**अरोपी का नाम**- मोहम्मद इरफान, सैयद अकबर, सनाउल्ला शरीफ, सैयद सिद्दीक अकबर, अकबर बाशा और सादिक उल अमीन<br>**विवरण** - टाउन हॉल में नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के समर्थन में हुए एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे **आरएसएस-बीजेपी समर्थक वरुण भूपलम (31 साल) पर** एसडीपीआई **(SDPI) के 7 सदस्यों मोहम्मद इरफान, सैयद अकबर, सनाउल्ला शरीफ, सैयद सिद्दीक अकबर, अकबर बाशा और सादिक उल अमीन ने** धारदार **हथियारों से जानलेवा हमला किया,** जिससे वे **गंभीर रूप से घायल** हो गए और उन्हें सिर में फ्रैक्चर जैसी बड़ी चोटें आईं। | <br>opindia |